पंजाब केसरी
28-02-2025

# 'स्वच्छता न केवल हमें स्वस्थ बनाती है, बल्कि संपूर्ण कल्याण को भी बढ़ावा देती है'

## » गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के विद्यार्थियों ने व्यक्तिगत स्वच्छता पर निकाली जागरुकता रैली

अम्बाला, 27 फरवरी (बलराम): छावनी के गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के अंग्रेजी विभाग और स्वच्छता एवं स्वास्थ्य क्लब ने वीरवार को सतत विकास लक्ष्य क्लब के सहयोग से 'व्यक्तिगत स्वच्छता' पर एक जागरुकता रैली का आयोजन किया। इसमें कॉलेज के स्टाफ सदस्यों के साथ लगभग 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने छात्रों को प्रेरित करते हुए व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि स्वच्छता न केवल बीमारियों की रोकथाम करके हमें स्वस्थ बनाए रखने में मदद करती है, बल्कि हमारे संपूर्ण कल्याण को भी बढ़ावा देती है।

रैली के दौरान छात्रों ने कॉलेज के आसपास के क्षेत्रों में जाकर लोगों को व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति जागरुक किया। उन्होंने हाथ धोने की आदत, स्वच्छ कपड़े पहनने, दांतों की देखभाल और अन्य स्वच्छता उपायों के बारे में जानकारी दी। इस रैली का उद्देश्य समाज में स्वच्छता के प्रति जागरुकता बढ़ाना और लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। यह पहल न केवल कॉलेज के छात्रों के लिए एक शिक्षाप्रद अनुभव रही, बल्कि स्थानीय लोगों को भी व्यक्तिगत स्वच्छता का महत्व समझाने में सफल रही।




'व्यक्तिगत स्वच्छता' पर जागरुकता रैली निकालते गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के विद्यार्थी।